घर में धार्मिक पूजा या हवन के समय अग्नि से सुरक्षा

जब आप घर पर धार्मिक अनुष्ठान (पूजा-पाठ) कर रहे हों तो आपको, आपके परिवार और आपके मेहमानों को सुरक्षित रखना जरूरी है। इस गाइड का उद्देश्य आपको ऐसे तरीके प्रदान करना है जिससे आप महत्वपूर्ण धार्मिक गतिविधियाँ संचालित कर सकें और ऐसा करते समय आग लगने के खतरे को कम कर सकें।

फायर एंड इमरजेंसी न्यूज़ीलैंड में, हम आपको न्यूज़ीलैंड में अपने धर्म का पालन जारी रखने और धार्मिक अनुष्ठानों को यथासंभव सुरक्षित रूप से आयोजित करने में आपकी सहायता करना चाहते हैं।

हम यहाँ मदद करने के लिए भी हैं। यदि आपके यहाँ आग लगी है या आपको आग दिखाई देती है तो 111 नंबर पर फोन करने में संकोच न करें। फायर एंड इमरजेंसी न्यूज़ीलैंड किसी हादसे में भाग लेने वाले हमारे ट्रकों के लिए कोई फीस नहीं लेता है।

घर में हवन कुंड में अग्नि सुरक्षा

जब आप घर पर हवन कुंड का उपयोग कर रहे हों तो यह योजना बनाना जरूरी है कि आप इसका उपयोग कैसे और कहाँ करना चाहते हैं। आपको सुरक्षित रखने में मदद के लिए नीचे कुछ सुझाव दिए गए हैं।

अपने हवन कुंड में अग्नि जलाने से पहले

- इस बारे में विचार करें कि आपका हवन कुंड किस कमरे में रखा जायेगा। इसे रखने से पहले नीचे दी गई चैकलिस्ट को ध्यान से पढ़ें;
    - कमरे में कितने लोग उपस्थित होंगे?
    - कमरे में कौन सा फर्नीचर रखा है?
    - क्या कमरे में इतनी जगह है कि लोग सुरक्षित रूप से हवन कुंड के चारों तरफ घूम सकें? हमारी सलाह है कि आप हवन कुंड के चारों तरफ कम से कम एक मीटर खाली जगह रखें।
    - सुनिश्चित करें कि जिस कमरे में आप हवन कुंड जला रहे हैं उसमें पर्याप्त वेंटलिेशन (वायु संचार) हो।
- ध्यान रखें कि आप हवन कुंड स्टैंड का उपयोग करें और / या इसका उपयोग करने से पहले अपने हवन कुंड के नीचे एक अग्नि प्रतिरोधी बोर्ड, टाइल या कंक्रीट का ब्लॉक रखें। सुनिश्चित करें कि आप अपने हवन कुंड के नीचे जो कुछ भी लगा रहे हैं उसका आकार हवन कुंड से बडा हो।
- आप हवन कुंड को बाद में बाहर कैसे ले जाएंगे, इसके लिए एक योजना बनाएं। यह अच्छा होगा कि आप इसके लिए एक रास्ता खाली कर लें और एक ऐसी जगह बनाएं जो आपके घर, पेडों, झाडयिों या अन्य चीजों से दूर हो ताकि वह आग ना पकड़ सके।
- आप जिस कमरे में अपने हवन कुंड का उपयोग करेंगे, उस कमरे में अतिरिक्त सुरक्षा के लिए हीट (गर्मी) अलार्म लगाएं।
- अग्नि के लिए लकड़ी के केवल छोटे-छोटे टुकड़ों का उपयोग करें जो कुंड की परिधि से बड़े न हों। कुंड में और लकडी डालते समय, आग को नियंत्रित करने के लिए एक या दो लोगों को नियुक्त करें।

जब आपके हवन कुंड में अग्नि जल रही हो

जब आपके हवन कुंड में अग्नि जल रही हो तो अपने आप को, अपने परिवार और अपने मेहमानों को सुरक्षित रखने के लिए निम्नलिखित कदम उठाएं।

- हवन कुंड के चारों ओर एक सुरक्षित स्थान बनाए रखें। हमारी सलाह है कि आप हवन कुंड के चारों तरफ कम से कम एक मीटर जगह रखें।
- हवन कुंड को कभी भी अकेला न छोडें। इस बात का ध्यान रखें कि जब यह घर के अंदर जल रहा हो तो कोई व्यक्ति हमेशा इसकी निगिरानी कर रहा हो।
- जब हवन कुंड में अग्नि जल रही हो तो छोटे बच्चों को हमेशा एक वयस्क व्यक्ति की निगिरानी में रखें।

धार्मिक अनुष्ठान (धार्मिक संस्कार या पूजा) के पूरा हो जाने पर

एक बार जब आपका अपने हवन कुंड के साथ धार्मिक अनुष्ठान पूरा हो जाता है, तो अवांछित आग के जोखिम को कम करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाएं।

- यदि आप हवन कुंड को बाहर ले जा रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपका रास्ता साफ है और हवन कुंड ले जाने वाले लोगों को पता है कि आप इसे कहाँ रखना चाहते हैं।
- सुनिश्चित करें कि जिस स्थान पर आप इसे रखने की योजना बना रहे हैं वह समतल, स्थिर, किसी भी ज्वलनशील पदार्थ से दूर है और वहाँ बहुत तेज़ हवा ना आती न हो।
- एक बार जब आपके हवन कुंड की अग्नि की लौ पूरी तरह से बुझ जाए, तो राख को पूरी तरह से पानी से भिगो दें और फेंकने से पहले कम से कम तीन दिनों के लिए रखा रहने दें।

घर पर दीया जलाना

अगर आप घर में दीया जलाते हैं तो उसे जलाने से पहले निम्नलिखित बातों पर विचार करना जरूरी है।

- बाती का आकार - यदि आप दीया जलाने के बाद घर से बाहर जाने की योजना बना रहे हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए छोटी बाती का उपयोग करें कि वह बहुत देर तक न जले।
- अगर आप घर से बाहर जा रहे हैं तो हमेशा अपने दीये बुझा कर जाएं।
- यदि आप किसी रिश्तेदार या परिवार के सदस्य के निधिन पर दीया जला रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि वह ढका हुआ दीया हो। इसकी नियमित रूप से जाँच करना याद रखें और ध्यान रहे कि यह किसी ज्वलनशील वस्तु के करीब नहीं है।
- जिस कमरे में आप दीयों का उपयोग कर रहे है, वहाँ हमेशा एक चालू (काम करता हुआ) धुएं का अलार्म लगाएं। कुछ भी गलत होने की स्थिति में एक चालू धुएं का अलार्म आपको सचेत कर देगा।